शिक्षा से राष्ट्र निर्माण में आरएसएस

ऋषि गालव विवि की स्थापना के साथ ग्वालियर नया इतिहास गढ़ने जा रहा

55 बीघा में 110 करोड़ की लागत से हो रहा निर्माण

2027 को गुरुपूर्णिमा पर शुरू होगा शैक्षणिक सत्र

ग्वालियर,04 मई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर प्राचीन काल से ही वीरता, विद्वता और कला का शिखर रही है. ग्वालियर के लिये आज गौरवान्वित करने वाला दिन है. ऋषि गालव विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ ग्वालियर नया इतिहास गढ़ने जा रहा है.

उन्होंने कहा विश्वविद्यालय शिक्षा का केन्द्र होने के साथ ही राष्ट्र निर्माण के स्थल भी होते हैं. ऋषि गालव के नाम पर बनने वाला यह विश्वविद्यालय भी हमारी आने वाली पीढ़ियों को संस्कार, संस्कृति और कौशल से सुसज्जित कर राष्ट्र निर्माण का अग्रदूत बनाएगा.मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्वालियर के बेलागांव में ऋषि गालव विश्वविद्यालय के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य सुरेश सोनी, उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार, जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघ चालक अशोक पाण्डे मंचासीन थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यभारत शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र बांदिल ने की.

> आरंभ में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित अन्य अतिथिगणों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ऋषि गालव विश्वविद्यालय के निर्माण के लिये भारतीय सनातन परंपरा के अनुसार भूमिपूजन किया. विदित हो इस विश्वविद्यालय का निर्माण मध्यभारत शिक्षा समिति द्वारा ग्वालियर जिले के बेला गांव के अंतर्गत लगभग 55 बीघा भूमि पर 110 करोड़ रुपए की लागत से कराया जा रहा है. अगले वर्ष गुरुपूर्णिमा 18 जुलाई 2027 से यहां शैक्षणिक सत्र शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है. सम्पूर्ण विश्वविद्यालय तीन वर्ष में बनकर तैयार होगा.

ममता बनर्जी को निर्ममता की कीमत चुकानी पड़ी : सीएम

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पश्चिम बंगाल के चुनावों में बीजेपी को मिली बड़ी जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि लोग परिवर्तन और मुक्ति चाहते थे. वहीं सीएम ने ममता बनर्जी पर तंज कसा है कि ममता को निर्ममता की कीमत चुकानी पड़ी है. साथ ही बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु की जनता को धन्यवाद दिया है. मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि चुनाव की बेला में वाकई दिल से सभी को बधाई दे रहे हैं. गृहमंत्री के शब्दों में अंग-बंग-कलिंग सब तरफ भाजपा का झंडा लहराया. असम में एक बार फिर घुसपैठियों के खिलाफ राष्ट्रवादी शक्तियों ने विजय की तरफ कदम बढ़ाएं हैं. बंगाल आजादी के पहले बहुत संबल और विकसित राज्य हुआ करता था लेकिन दुर्भाग्य से पहले कांग्रेस, कम्युनिस्ट और फिर टीएमसी, बंगाल जो आज पिछड़ा है इसका सबसे बड़ा कारण बंगाल के लीडरशिप का रहा है. टीएमसी ने एक प्रकार से दुरावस्था किया है. यह इसका प्रतिकार है.

> **ममता बनर्जी पर कसा तंज**
> उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सुशासन की बयार चल रही है. इस विजय अभियान में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, अध्यक्ष के नेतृत्व में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चुनाव में अहम भमिका अदा की. ऐसे में हम जहां गए वहां भी जीत मिली और जहां नहीं गए वहां भी जीत मिली. उन्होंने ममता बनर्जी पर तंज कसते हुए कहा कि जब ममता निर्ममता करेगी तो उसकी कीमत चुकानी ही पड़ेगी.

सड़क दुर्घटना में महरौनी के 6 लोगों की मौत

- अयोध्या दर्शन कर वापस लौट रहे थे,
- जालौन के पास कार दुर्घटनाग्रस्त

ललितपुर, 4 मई. अयोध्या दर्शन कर लौट रहे महरौनी के छह व्यक्तियो की जालौन के समीप सड़क हादसे मे मौत हो गई है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महरौनी के शशिकांत तिवारी, कृष्णकांत नायक, दीपक तिवारी, हरिमोहन तिवारी, भूषण तिवारी, अंशुल तिवारी, स्वामी प्रसाद तिवारी, मनोज भोडले और देशराज अयोध्या दर्शन करने गए थे. कल रविवार रात लौटते समय जालौन के समीप कालपी के जोल्हापुर मोड पर कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई. जिसमे देशराज नामदेव, कृष्णकांत तिवारी, शशिकांत तिवारी, उमेश तिवारी, मनोज भोडले और स्वामी प्रसाद तिवारी की मौत हो गई है. घायलो को जिला अस्पताल मे उपचार के भर्ती कराया गया है.

बरगी क्रूज हादसा : चाचा, भतीजे का शव भी मिला

जबलपुर, 4 मई. बरगी क्रूज हादसे का शिकार हुए चाचा-भतीजे का शव भी मिल गया. सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ होमगार्ड, पुलिस की सर्चिंग के दौरान सुबह करीब 6 बजे 9 वर्षीय मयूरन और सुबह करीब साढ़े नौ बजे वेस्टलैण्ड खमरिया निवासी कामराज का बरामद कर लिया गया. इसके साथ ही मृतकों की संख्या 13 पहुंच गई और सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हुआ.



वहीं 13 मौतों पर बर्खास्तगी और निलंबन की कार्रवाई सवालों के घेरे में है. ये कार्रवाई रहम जैसी लग रही है . छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई औरवास्तविक जिम्मेदार अधिकारियों पर पर्दा डालने जैसा लग रहा है . असली चेहरे बेनकाब हो. जब हादसे में लापरवाही उजागर हो चुकी है तो जिम्मेदार किस बात का इंतजार कर रहे है ये समझ से परे है. जबकि मप्र पर्यटन निगम की लापरवाही उजागर हो चुकी है. क्रूज में लाइफ जैकेट समय पर पर्यटकों को मुहैया नहीं होना, मानकों, नियमों की धज्जियां उड़ाई गई. क्रूजजब डूबने की कगार पर पहुंचा तब लाइफ जैकेट बांटी गई. आरोप यहां तक लग चुके है कि क्रूज समेत वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों का संचालन तो हो रहा था, लेकिन सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था.

जयवर्धन सिंह पहुंचे इंटक के दफ्तर, पदाधिकारियों से मिले

ग्वालियर, 4 मई. ग्वालियर में इंटक कार्यालय पहुंचकर पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयवर्धन सिंह ने मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों से आत्मीय मुलाकात की. जयवर्धन सिंह ने इस दौरान मजदूर नेताओं से संगठन की मजबूती, श्रमिक हितों और आगामी रणनीति पर चर्चा की.

ग्वालियर को दिल्ली-बेंगलुरु के लिए मिली नई उड़ान

- सिंधिया ने दिल्ली से नई हवाई सेवा का किया शुभारंभ

ग्वालियर, 4 मई. केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज सोमवार को दिल्ली से वर्चुअली ग्वालियर हवाई अड्डे से अकासा एयरलाइंस की बेंगलुरु-दिल्ली-ग्वालियर और ग्वालियर-दिल्ली-बेंगलुरु की नई उड़ान सेवा का शुभारंभ करते हुए इस दिन को ग्वालियर के लिए ऐतिहासिक बताया.

> उन्होंने आमजन से इस सेवा का भरपूर उपयोग करने का आह्वान किया. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जहां कनेक्टिविटी होती है, वहीं प्रगति होती है.

उन्होंने कहा कि यह केवल एक हवाई सेवा की शुरुआत नहीं, बल्कि ग्वालियर के आत्मविश्वास, विकास की रफ्तार और नए भारत की पहचान की उड़ान है.सिंधिया ने कहा कि अब ग्वालियर से दिल्ली और बेंगलुरु के लिए हवाई कनेक्टिविटी और मजबूत हो गई है.अब तक यहाँ से इंडिगो की उड़ानें सप्ताह में केवल तीन दिन संचालित हो रही थीं, लेकिन अब अकासा एयर के जुड़ने से सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को भी उड़ान उपलब्ध होगी.

बैंक ऑफ महाराष्ट्र डकैती साजिश में दो और आरोपी बिहार से गिरफ्तार

सिंगरौली. बैंक ऑफ महाराष्ट्र की वैढ़न शाखा में 17 अप्रैल 2026 को हुई सनसनीखेज डकैती के मामले में पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है.थाना वैढ़न पुलिस ने डकैती की साजिश में शामिल दो और आरोपियों को बिहार से गिरफ्तार किया है.यह कार्रवाई पुलिस मुख्यालय के निर्देश और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में गठित विशेष टीम द्वारा की गई .गिरफ्तार आरोपियों में चन्दन उर्फ चईया यादव एवं गुलशन, दोनों निवासी खीरूबिगहा, थाना नगरनौसा, जिला नालंदा शामिल हैं.पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश कर सात दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है.

ग्वालियर के मितेंद्र ने असम में कांग्रेस को दिलाई बड़ी जीत

ग्वालियर. असम विधानसभा की 122 अलगापुर विधानसभा सीट से असम युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस प्रत्याशी जुबैर अनाम मजूमदार ने 10,5448 वोटों से सबसे बड़ी जीत दर्ज की है. इस सीट पर चुनावी मैनेजमेंट की कमान युवा कांग्रेस के असम प्रभारी मितेंद्र दर्शन सिंह यादव देख रहे थे. ग्वालियर के वरिष्ठ नेता मितेंद्र दर्शन सिंह इस समय युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव का पदभार संभाल रहे हैं और चुनाव की घोषणा के बाद से ही असम की अलगापुर सीट पर चुनाव प्रबंधन में जुट गए थे.

चुरहट अंचल में बारिश के साथ दर्जन भर गांवों में हुई ओलावृष्टि

सीधी. मौसम के बदले मिजाज के चलते एक सप्ताह से तेज आंधी, बारिश का दौर सीधी जिले में चल रहा है. आज दोपहर चुरहट अंचल में बारिश के साथ ओलावृष्टि का कहर भी बरपा. चुरहट अंचल के करीब दर्जन भर गांवों में बारिश के साथ ओले गिरे. कुछ स्थालों में तो आंवले के आकार तक के ओले गिरने से नुकसानी की खबरें आ रही हैं. बताते चलें कि दोपहर बाद आकाश में घने बादलों के छाने के साथ ही तेज अंधड का दौर सीधी जिले में करीब एक सप्ताह से चल रहा है. कुछ स्थानों में बारिश के साथ ही आंधी से भी नुकसानी की खबरें लगातार सामने आ रही हैं.

युवाओं को कांग्रेस का इतिहास बताना आवश्यक

ग्वालियर, 4 मई. ग्वालियर कांग्रेस कार्यालय पर इंदिरा ज्योति यात्रा के आगमन पर आयोजित विचार गोष्ठी उपरांत सामाजिक चिंतक भास्कर राव रोकड़े को शहर के प्रतिष्ठित लेखक एवं कांग्रेस के युवा नेता डॉ. के के चौहान 'नीर' द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी की तस्वीर स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की.

डॉ. चौहान ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि देश प्रदेश की पुरानी पीढ़ी तो कांग्रेसी महापुरुषों और कांग्रेस के बलिदानों, उपलब्धियों एवं राष्ट्रीय विकास हेतु किए गए योगदानों के बारे में जानती है लेकिन नई युवा पीढ़ी को इस संबंध में लिखित दस्तावेज़ों और मौखिक प्रचार माध्यमों से अवगत कराने की जिम्मेदारी हम सब कांग्रेसीजनों की है ताकि सत्ता वापसी का रास्ता संभव कराने हेतु पार्टी को युवाजनों के मत तथा अभिमत सरलता और सहजता से प्राप्त हो सकें. इस संबंध में वरिष्ठ नेताओं द्वारा भी कोई ठोस कार्ययोजना तैयार कर जल्द ही लागू कराई जानी चाहिए. कांग्रेस हित में ऐसे तथ्यों और कथ्यो के समुचित प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी मध्यप्रदेश के समूचे विधानसभा क्षेत्रों में विधायक टिकट के दावेदारों को भी उठानी होगी ताकि क्षेत्रीय मतदाताओं का कांग्रेस पार्टी की ओर ध्यानाकर्षण मजबूती से कराया जा सकता है.

दो बाईकें भिड़ी, एक की मौत, 4 गंभीर

सिंगरौली। सरई थाना क्षेत्र के दुधमनिया सड़क मार्ग में आज सोमवार की दोपहर के वक्त दो मोटरसाइकिलो के बीच आमने-सामने हुई भिड़त में एक युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। एक युवक की हालत नाजुक है।जानकारी के अनुसार शिवग निवासी श्यामबिहारी साहू उम्र 34 वर्ष मोटरसाइकिल से एक अपने अन्य साथी लवकेश साहू के साथ कहीं जा रहा था कि दुधमनिया में सामने से आ रही मोटरसाइकिल से भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों मोटरसाइकिल के चारों युवक घायल हो गये। सभी घायलों के उपचार के लिए सरई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाया गया,

नदी में डूबे भाई-बहन, हुई मौत

दतिया, 4 मई.दतिया जिले के बड़ौनी थाना अंतर्गत भैंसा सुनारी गांव में दो सगे भाई बहन की महुअर नदी में डूबने से मौत हो गई.दोनों मासूम अन्य बच्चों के साथ खेलते-खेलते नदी किनारे पहुंच गए थे जहां गहरे पानी में जाने से हादसा हो गया.घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है.



भैंसा सुनारी स्थित सिद्धपुरा इलाके में रहने वाले महेश केवट के बेटे सुमित केवट (7) और ज्योतिष केवट (5) गांव में खेल रहे थे.खेलते-खेलते दोनों महुअर नदी किनारे पहुंच गए.बताया जा रहा है कि नदी के किनारे फिसलन और गहराई अधिक होने के कारण दोनों बच्चे पानी में चले गए और डूबने लगे.मौके पर मौजूद लोगों ने बच्चों को पानी से बाहर निकाला और तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी.डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया.हादसे के समय बच्चों के माता-पिता दतिया शहर के बाजार में रिश्तेदारी के कार्यक्रम के लिए खरीदारी करने आए थे.बच्चों को परिवार के अन्य सदस्यों के भरोसे छोड़कर गए थे.उन्हें हादसे की सूचना मिली.

कचरे से पटा डंपिंग प्वॉइंट, नाले में बहाया जा रहा कचरा

- लाखों का भुगतान लेने वाली रैमकी कम्पनी की मनमानी
- दुर्गंध से मोहल्ले के लोग और दुकान वाले परेशान

नवभारत न्यूज

रीवा, 4 मई, शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है, एक ओर जहा नगर निगम आयुक्त और महापौर स्वच्छता को लेकर बैठक ले रहे है. वही मानस भवन के पास स्थित कचरा डंपिंग प्वाइंट कचरे से भर चुका है और नाले में कचरा बहाया जा रहा है. इतना ही नही डंपिंग प्वाइंट के बाहर मैदान में भी कचरा एकत्र किया गया है जिसका उठाव न होने से दुर्गंध से स्थानीय लोग परेशान है.

हर माह कचरा उठाने और पहडिया कचरा प्लांट तक कचरा ले जाने वाली रैमकी कम्पनी लाखों का भुगतान ले रही है. लेकिन शहर के बीच डंपिंग प्वाइंट का कचरा नही उठाया जा रहा है. यार्ड के अंदर जितना कचरा रखा है उतना ही बाहर मैदान में रखा हुआ है और बगल से निकलने वाले अमहिया नाले में कचरा बहाया जा रहा है जो कि पूरी तरह से गलत है और पर्यावरण के लिहाज से भी खतरनाक है. जिम्मेदार नगर निगम के अधिकारियों को दिखाई नही दे रहा है. आसपास आवासीय भवन है और दुकाने है दिन भर लोगो का आना-जाना लगा रहता है.

> दुर्गंध से स्थानीय लोगो का हाल बेहाल है, रैमकी कम्पनी वालो से जब कचरा उठाने के लिये कहा गया तो उन्होने कोई जवाब नही दिया. लिहाजा लोगो ने महापौर से इसकी शिकायत की. कचरा प्वाइंट के अंदर जितना कचरा रखा है उससे ज्यादा बाहर फैला हुआ है. नाले के तरफ दीवाल बनी थी जो गिर गई उसके बाद नाले में कचरा न जाय इसके लिये कोई इंतजाम कम्पनी ने नही किया. लाखों का भुगतान लेने वाली कम्पनी नाले में कचरा बहा रही है. स्वच्छता को लेकर भले ही तमाम निर्देश दिये जा रहे है लेकिन कम्पनी स्वच्छता अभियान को पलीता लगा रही है.

कमिश्नर ने किया उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

सतना, 04 मई. कमिश्नर रीवा बीएस जामोद ने रविवार को रामपुर बघेलान की उपज मंडी पहुंच कर उपार्जन केंद्र की गतिविधियों का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान उपार्जन केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं को भी देखामइस मौके पर कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस भी उपस्थित रहे. कमिश्नर रीवा बीएस जामोद ने रामपुर बघेलान उपज मंडी के उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण के दौरान किसानों से बातचीत की.

उन्होंने समितियों उपार्जन केंद्र संचालन कर रहे स्व सहायता समूह से कहा कि स्लॉट बुकिंग के समय अनुसार किसानों से उनकी उपज खरीदकर उसी दिन उसका इन्द्रराज करे, ताकि किसानों को उसकी उपज का मूल्य शीघ्र भुगतान किया जा सके. उन्होंने उपार्जन केंद्र से खरीदे गए गेहूं का ट्रांसपोर्टेशन भी समय पर करने के निर्देश दिए.रामपुर बघेलान मंडी में 3 उपार्जन केंद्रों पर खरीदी की जा रही है. कमिश्नर रीवा और कलेक्टर ने बचबई ग्राम पंचायत के रेऊरा स्थित सेलो उपार्जन केंद्र का भी निरीक्षण किया.

> उन्होंने यहां किसानों के लिए छाया, पेयजल सहित अन्य सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए.रेऊरा सेलो से 4 स्व सहायता समूह के उपार्जन केंद्र और 3 समितियों के उपार्जन केंद्रों को संबद्ध किया गया है.उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण के दौरान एसडीएम सुभाष मिश्रा, एलआर जांग , जिला प्रबंधक नान पंकज बोरसे, केंद्रीय सहकारी बैंक के प्रबंधक एससी गुप्ता, सहायक आयुक्त सहकारिता प्रभाकरण प्रकाश, जिला आपूर्ति अधिकारी सम्यक जैन भी उपस्थित रहे.

बोले-राजेन्द्र शुक्ल | पीएम मोदी की जनहितकारी नीतियों से पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी और असम में प्रचंड बहुमत

जनता के अटूट विश्वास से मिली ऐतिहासिक जीत

भोपाल, 4 मई. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पश्चिम बंगाल, असम एवं पुदुचेरी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मिली ऐतिहासिक जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, जनहितकारी नीतियों और जनता के अटूट विश्वास का प्रतिफल है.

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं गरीब कल्याण, स्वास्थ्य, आवास, स्वच्छता और वित्तीय समावेशन ने समाज के हर वर्ग तक सीधे लाभ पहुंचाया है. इन योजनाओं ने न केवल लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाया है, बल्कि सरकार और जनता के बीच भरोसे को भी मजबूत किया है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश में पारदर्शी, जवाबदेह और विकासोन्मुखी शासन स्थापित हुआ है. सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र ने हर क्षेत्र में समावेशी विकास को गति दी है, जिसका परिणाम आज चुनावी जीत के रूप में सामने आया है.उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने इस अवसर पर केंद्रीय नेतृत्व के संगठनात्मक मार्गदर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी के कुशल प्रबंधन, सूक्ष्म चुनावी रणनीति और कार्यकर्ताओं के साथ सतत संवाद की शैली ने जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत किया है. उनके संतुलित और परिणामोन्मुख दृष्टिकोण ने चुनावी प्रक्रिया को सुदृढ़ आधार प्रदान किया.

> उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह जनादेश स्पष्ट करता है कि देश की जनता विकास, स्थिरता और निर्णायक नेतृत्व को प्राथमिकता दे रही है. भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के सहयोग ने इस जीत को संभव बनाया है. उन्होंने कहा कि यह जीत जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने की जिम्मेदारी को और बढ़ाती है. भाजपा सरकार प्रधानमंत्री श्री मोदी के सशक्त नेतृत्व में पूर्ण समर्पण के साथ जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों को आगे बढ़ाएगी.

जीवाजी विश्वविद्यालय में तैयार हो रही हाईटेक एआई लैब और मेगा ऑनलाइन एग्जाम सेंटर

ग्वालियर. जीवाजी विशवविद्यालय परिसर में आत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब तैयार की जा रही है जिसका उद्देश्य छात्रों को भविष्य की तकनीकों से जोडना और उन्हें उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप दक्ष बनाना है.एआई लैब विश्वविद्यालय के स्टडी सेंटर में विकसित की जा रही है.इस लैब और ऑनलाइन एक्जाम सेंटर सहित अन्य आवश्यक कार्यों के लिए संस्थान में 800 से अधिक नए कंप्यूटर भी पहुंच चुके है.वास्तविक तकनीकी मॉडल्स पर काम करने का अवसर मिलेगा विश्वविद्यालय के अनुसार इस लैब में छात्र स्मार्ट टेक्नोलोजी जैसे क्षेत्रों का प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे.